**2.3.1 Student Centric Methods**

**Participative learning**

## छात्रों ने ली राष्ट्रीय एकता की शपथ



जगदलपुर| शासकीय नवीन महाविद्यालय में बुधवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. टीआर रात्रे ने प्राध्यापकों और छात्रों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। इससे पहले रन फॉर यूनिटी के लिए हुई दौड़ में सभी शामिल हुए। इस मौके पर प्राचार्य ने कहा कि एनएसएस के छात्रों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

# कार्यशाला में एसडीएम ने बताए स्वरोजगार के तरीके



तोकापाल । कार्यशाला में मौजूद छात्र-छात्राएं।

तोकापाल| कालेज के छात्रों को रोजगार के विभिन्न तरीकों की जानकारी देने के लिए महाविद्यालय में गुरुवार को रूसा कार्यक्रम के तहत कैरियर ओरिएंटेशन कार्यशाला हुई। तीन घंटे से ज्यादा समय तक चली इस कार्यशाला में एसडीएम माधुरी सोम और शोएब अंसारी ने छात्र-छात्राओं को स्वरोजगार के तरीके और कम से कम समय में कारोबार को बढ़ाने के तरीके बताए । एसडीएम ने विद्यार्थियों को बताया कि इस समय शासन कई योजनाएं चला रही है जिसका फायदा उठाकर छात्र आने वाले समय में एक बेहतर उद्यमी बन सकते हैं। कार्यक्रम में इस दौरान कालेज के प्राचार्य के साथ ही स्टाफ और छात्र बड़ी संख्या में मौजूद थे ।



# रासेयो ने चलाया स्वच्छता अभियान

## ग्राम पंचायत लेंड्रा में सात दिनों तक चलेगा शिविर



हरिभूमि न्यूज ▸▸। दरभा

विकासखंड दरभा अंतर्गत ग्राम पंचायत लेंड्रा में शासकीय नवीन महाविद्यालय तोकापाल के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सात दिवसीय शिविर 9 से 15 दिसंबर तक आयोजित किया गया है। इस शिविर का शुभारंभ सरपंच धीरनाथ व प्राचार्य डॉ टीआर नागे ने स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। शिविरार्थियों को सरपंच ने हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। प्राचार्य डॉ रात्रे ने युवाओं को नरवा, गरूवा, घुरवा और बाड़ी योजना के बारे में विस्तार से समझाईश दी।

शिविर के पहले दिन महाविद्यालय से आये छात्र-छात्राओं ने आस-पास के क्षेत्र में साफ-सफाई कर ग्रामीणों को स्वच्छता के वि जानकारी दी और स्वच्छता अपन आह्वान किया। इस अवसर पर जनपद सदस्य संतोष बघेल, फूलसिंह सेठिया, सुखदेव, स मूलचंद, दलनायक शिवद कार्यक्रम अधिकारी डॉ आ सेठिया, संतोष नाग, मनोज कु सहित अधिकारी, कर्मचारी, ग्रा व बच्चे मौजूद रहे।

# अस्थायी स्टापडेम का किया निर्माण



दरभा। सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन बुधवार को रासेयो सदस्यों द्वारा नरवा थीम पर ग्राम पंचायत लेंड्रा में नाले को पत्थरों से भरकर अस्थायी स्टापडेम का निर्माण किया गया। इस कार्य में तीन ट्रेक्टर पत्थरों की खपत हुई। इस दौरान शिवदास, डॉ आरके सेठिया समेत अन्य जन मौजूद रहे।




राष्ट्रीय मतदाता दिवस
SVEEP
फील्ड आउटरीच ब्यूरो
मतदाता जागरूकता अभियान

# तोकापाल महाविद्यालय के छात्रों का किया गया मलेरिया जांच




जगदलपुर 18 फरवरी (सन्यूस)। शासकीय नवीन महाविद्यालय तोकापाल में 17 फरवरी को स्वास्थ्य विभाग छत्तीसगढ़ के सहयोग से राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के साथ मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान के तहत मलेरिया परीक्षण हेतु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ टीआर रात्रे एवं स्वयंसेवकों ने मेडिकल स्टाफका स्वागत किया और रक्त परीक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया । इस दरम्यान कुल 60 रक्त नमूनों का परीक्षण किया गया। महाविद्यालय के सभी स्टाफ एवं अधिकतम विद्यार्थी उपस्थित रहे इस अवसर पर मेडिकल टीम के सदस्यों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। इस अवसर पर डॉक्टर सी एल गावडे बीएमओ तोकापालए डॉक्टर पंकज शर्मा एडॉ प्रियंका सिंह के साथ अन्य पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित रहे एवं महाविद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

**Problem-Solving Learning**





बच्चों के खानपान के प्रति सजग रहे एवं जिले में चल रहे
के तहत बच्चों को डेढ़-डेढ़ घंटा के अंतराल में पानी अवश्य पिला
ताकि बच्चा स्वस्थ रहें। उन्होंने बच्चों को मुनगा भाजी, चुकंदर आ
खिलाने के लिए भी प्रेरित किया।

## जागरूकता... एनएसएस के छात्रों ने अस्थायी बांध बनाकर जल संरक्षण का दिया संदेश



**जगदलपुर**| राष्ट्रीय सेवा योजना शासकीय नवीन महाविद्यालय तोकापाल के एनएसएस छात्रों ने लेंड्रा में सात दिवसीय शिविर लगाकर जागरूकता अभियान चला रहे हैं। एनएसएस के छात्र फावड़ा उठाकर साफ-सफाई कर रहे हैं। वहीं पर्यावरण और जल संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक भी कर रहे। गांव के बरसाती नाला पर बांध बनाकर जल संरक्षण का संदेश दिया। एनएसएस के छात्रों ने स्कूल प्रांगण और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में साफ-सफाई की। साथ ही प्रधानमंत्री की अपील सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने के बारे में जागरूक किया। प्लास्टिक कचरा मुक्त भारत बनाने के लिए अभियान चलाने की अपील भी की। शिविर में प्राचार्य डॉ. टीआर रात्रे, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आरके सेठिया, संतोष नाग, दल नायक शिवदास सहित एनएसएस छात्र मौजूद थे।

## अभियान... मुक्तिधाम में की साफ- सफाई



**जगदलपुर**| शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए



न्यूज विंडो

**आयोजन : छात्रों ने ग्रामीणों को नशे से दूर रहने किया जागरूक**

**जगदलपुर @ पत्रिका** . तोकापाल कॉलेज के छात्रों ने ग्राम लेंडरा में नशा उन्मूलन, कुरीति उन्मूलन को लेकर सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया। वहीं शुक्रवार को छात्रों ने रैली निकालकर ग्रामीणों को नशा से दूर रहने जागरूक किया। इसके अलावा आश्रित ग्राम मांझी गुड़ा में स्वच्छता अभियान के तहत नालियों की सफाई की। भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण केंद्र के डॉ. विजय सिंह ने वैदिक शिक्षा और संस्कृति पर व्याख्यान किया। 241 बस्तर बटालियन सेड़वा की प्रभारी अधिकारी असिस्टेंट कमांडेंट निरूपा मांझी ने इस सत्र में शामिल हुई। उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण, देश प्रेम व समाज सेवा की भावना को दिल में रखने पर जोर दिया। कोई काम करें उसमें देश प्रेम और सेवा की भावना जरूर हो।



Experiential Learning: -





